हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 1 जनवरी 2024












## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री अरूण साव आज जनदर्शन करेंगे



**बिलासपुर।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव 1 जनवरी सोमवार को बिलासपुर स्थित अपने शासकीय आवास में जनदर्शन करेंगे। इसके पहले श्री साव बिलासपुर में तिलक नगर में सुबह 9 बजे अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर के लोकार्पण हेतु निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे सवेरे 10 बजे बिलासपुर से रतनपुर के लिए रवाना होंगे। वे सवेरे साढ़े दस बजे रतनपुर में मां महामाया मंदिर, श्री सिद्धिविनायक मंदिर और भैरव बाबा मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। वे शाम 4 बजे से 6 बजे तक बिलासपुर में अपने शासकीय निवास कार्यालय में जनदर्शन करेंगे।


### साल के अंतिम दिन 1 घंटे लेट उड़ा विमान

**बिलासपुर।** चकरभाठा स्थित एयरपोर्ट से साल के अंतिम दिन जबलपुर की फ्लाइट एक घंटे देर से उड़ी, अलायंस एयर की फ्लाइट के शेड्यूल लगातार बदलते हैं, जिसके चलते यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस दौरान 45 यात्रियों ने उड़ान भरी। बीतते साले के साथ ही साल के अंतिम दिन बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट से 45 यात्रियों के साथ अलायंस एयर की फ्लाइट ने उड़ान भरा।



अरपा उद्गम पेण्ड्रा में सूर्योदय की पहली किरण।

# थर्टी फर्स्ट की रात सेलिब्रेशन में डूबा शहर



**बिलासपुर।** शहर में नए साल के आगमन की तैयारी 31 दिसंबर की सुबह से ही शुरू हो गई। रविवार का दिन होने के कारण कई लोग परिवार के साथ ही घूमने निकल गए और कुछ ने दोस्तों के साथ रात का प्रोग्राम तय कर लिया। नए का जश्न रात 11 बजे के बाद अपने चरम पर पहुंच गया। इस दौरान होटल और पार्क में भीड़ रही। नए साल के जश्न में डूबने के लिए शहर के लोगों ने कोई कसर नहीं छोड़ी, जहां बच्चों ने घर पर रहकर ही डांस पार्टी मनाई वहीं युवाओं ने दोस्तों के साथ इस दिन का आनंद लिया। शहर के ज्यादातर होटलों में लोगों की भीड़ दिखाई दी, शाम से शुरू हुआ जश्न का खुमार करीब 1 बजे तक चलता रहा। इस दौरान लोगों ने रात में आतिशबाजी कर नए साल का स्वागत किया।

### जमकर बिकी शराब हुल्लड़बाजों पर सख्ती

इस दौरान शहर की सड़कों पर पुलिस प्रशासन भी तैनात रहा, जहां एक ओर शराब के ठेकों में लोगों का हुजूम जमा रहा, वहीं इन हुल्लड़बाजों को कंट्रोल करने पुलिस के जवान तैनात रहे। सड़क पर रात 12 बजे के बाद घुमने वालों की चेकिंग की गई और संदिग्ध पाए जाने पर कार्रवाई भी की गई।

### दिवाली की तरह सजे होटल और रेस्टोरेंट

होटल और रेस्टोरेंट में लोगों की आउटिंग को देखते हुए होटल वालों ने भी इसे कैश करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा, शहर भर के होटल और रेस्टोरेंट रंगीन रोशनी से सजे रहे, इस दौरान कई होटलों में आरक्रेटा भी लगाया गया। साथ ही जश्न मनाने के लिए लोगों ने बार और मॉल को चुना, जहां टेरिस पर जमकर जश्न मनाकर जाम छलते रहे।

### 360 करोड़ का फ्लाइओवर

# 60 की स्पीड से इंजन का हुआ ट्रायल

**बिलासपुर।** मेन स्टेशन से उसलापुर रेलवे स्टेशन के बीच लगभग साढ़े 10 किलोमीटर लंबा फ्लाईओवर बनाया है, यह जोन का सबसे लंबा फ्लाईओवर है। रविवार दोपर 2 बजे इस नए फ्लाईओवर से एक आब्जर्वेशन कार और लाइट इंजन के साथ 60 की स्पीड से ट्रायल किया गया। इसके शुरू होने से कटनी की ओर जाने वाली यात्री ट्रेनों को आसानी से बिलासपुर रेलवे स्टेशन से उसलापुर पहुंचाया जाएगा। अब तक उसलापुर से बिलासपुर रेलवे स्टेशन तक पहुंचने में यात्री ट्रेनों को सिग्नल के इंतजार में लगभग 1 घंटे का समय लगता है, लेकिन फ्लाईओवर बनने से इस समय की बचत होगी। क्रॉसिंग और सिग्नल मिलने में होने वाली देरी से बचा जा सकेगा। बिलासपुर स्टेशन का उपस्टेशन उसलापुर है। कटनी लाइन की गाड़ियों को बिलासपुर तक लाने में उसलापुर और बिलासपुर स्टेशन के बीच 4-5 क्रॉसिंग होना, इसके अलावा माल गाड़ियों का स्टेशन में खड़े होने की वजह से यात्री ट्रेनों को आउटर में खड़े रखने की मजबूरी थी। इस समस्या को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों ने फ्लाईओवर की योजना तैयार कर रेल मंत्रालय को भेजा था। रेल मंत्रालय ने 2005 के रेल बजट में साढ़े 10 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर की मंजूरी दी थी। इसकी निर्माण लागत 35 करोड़ थी।

- 18 साल में 35 से 360 करोड़ पहुंची लागत



रविवार को बिलासपुर से उसलापुर के बीच बने फ्लाईओवर से ट्रायल ट्रेन गुजरी।

### इसलिए बनाया गया है फ्लाईओवर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 4 राज्यों में फैला हुआ है। इन चार राज्यों में सबसे ज्यादा छत्तीसगढ़ में कोयला निकाला जाता है। इसके अलावा महाराष्ट्र के कुछ हिस्से और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों सहित ओडिशा से भी कोयले की आवक होती है। लदान में देश में सालों तक नंबर वन रहे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने लदान को लेकर काफी अवार्ड भी जीते हैं। यहां कोयला वाली माल गाड़ियां बड़ी संख्या में चलती हैं। रोजाना लगभग 160 कोयला गाड़ी चलाई जाती है। इनके जरिए शहडोल क्षेत्र से और कोरबा क्षेत्र से निकलने वाले कोयले को अन्य राज्यों में पहुंचाया जाता है। फ्लाईओवर बनने से माल लदान में कम समय में कोयला गाड़ियों को पास किया जा सकेगा। यात्री ट्रेनों को भी आसानी से उसलापुर से बिलासपुर स्टेशन तक पास किया जाएगा।

# नए साल में शहर बनेगा पॉवर हब

## ट्रांसफार्मर और लाइन बिछाने में खर्च होंगे 70 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नए साल में बिलासपुर शहर पॉवर हब बनकर उभरेगा, इसके लिए ट्रांसफार्मर व लाइन बिछाने विभाग 70 करोड़ खर्च करेगा। साथ ही सिटी सर्किल को सरप्लस बिजली मुहय्या कराने दो सबस्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे, जिससे शहर को पॉवर मिलना तय हो सकेगा। पिछले 5 सालों से बिजली विभाग फंड के लिए तरसता रहा है, लेकिन इस साल विभाग के पास सेंट्रल की बड़ी योजनाओं पर कार्य शुरू हो चुका है, क्रियान्वयन के साथ ही इस साल सिटी सर्किल पॉवर हब बन कर निखरेगा। संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के तहत जिले सहित सिटी सर्किल में कई अधोसरंचना के निर्माण कार्य किए जाएंगे। योजना के तहत द्वितीय चरण में 11 नए एमवीए पॉवर ट्रांसफार्मर, 130 किमी के 33 केवी लाइन, 59.2 किमी के 11 केवी लाइन शहर में बिछाई जाएगी। इसके साथ ही 13 अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर और 3 अगुमेंटेशन पॉवर ट्रांसफार्मर लगेंगे। वहीं शहर भर में 235 नए वितरण ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे।

- आरडीएसएस योजना के तहत सिटी सर्किल में होंगे निर्माण कार्य

### योजना में बनाया जा रहा है सबस्टेशन

अधिकारियों के अनुसार शहर में अगले 6 माह के भीतर दो नए सस्टेशन शुरू होने वाले हैं। मुख्यमंत्री अधोसरंचना निर्माण कार्य के तहत राजकिशोर नगर में सबस्टेशन के निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है, इसके साथ ही अरपा क्षेत्र में एक अन्य सबस्टेशन बनाया जाना है, जिसकी अतिरिक्त सप्लाई से शहर में बिजली की कमी दूर हो सकेगी। दोनों ही सबस्टेशन 5 एमवीए के होंगे। साथ ही आरडीएसएस योजना के तहत 10 नए सबस्टेशन स्वीकृति किए जाएंगे, जिससे बिलासपुर शहर में शामिल होने वाले नए क्षेत्रों में बिजली की सुचारू व्यवस्था हो सकेगी।

### घरों में लगेंगे प्रीपेड मीटर

4 लाख बिजली उपभोक्ताओं के घर और प्रतिष्ठानों में जल्द ही प्रीपेड मीटर जाएंगे। डिजिटल स्मार्ट होने के कारण यह पूरी तरह से लोगों की खपत के अनुरूप रिचार्ज कराया जाएगा। बिजली कंपनी इसके लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है। बिजली कंपनी के अधिकारी के मुताबिक प्रीपेड स्मार्ट मीटर तीन चरण में लगाने की तैयारी की गई है। पहले चरण में ट्रांसफार्मरों में लगे मीटरों को बदलना, दूसरे चरण में घरेलू उपभोक्ताओं के मीटरों को बदला जाना था और फिर तीसरे चरण में कमर्शियल उपभोक्ताओं के मीटरों को बदला जाएगा। खास बात यह है कि स्मार्ट मीटर को घर बैठे रिचार्ज किया जा सकेगा। वहीं इससे बिजली चोरी रूकने का दावा विभाग कर रहा है, जिससे लाइन लॉस भी रूकेगा और बिजली कंपनी को फायदा होगा।

### पहले चरण का काम शुरू हो गया

केन्द्र द्वारा आरडीएसएस योजना पर कार्य शुरू किया जाना है, टेंडर हो चुका है, आबंटन का कार्य बाकी है। शहर में लगभग 70 करोड़ खर्च किए जाएंगे। वहीं पहले चरण का काम कई जगहों पर शुरू भी किया गया है।

**- एके धर,** सीई, सीएसपीडीसीएल

### आरआई से दुर्व्यवहार आरक्षक बर्खास्त

**बिलासपुर।** पेशी के दौरान बंदियों को रास्ते में घर का भोजन कराने से मना करने पर आरक्षक ने टीम इन्चार्ज से हुज्जतबाजी की। साथ ही आरआई से दुर्व्यवहार किया। सिविल लाइन थाने में पदस्थ आरक्षक विकास कुर्रे को आरआई से दुर्व्यवहार की शिकायत के बाद एसपी संतोष कुमार सिंह ने बर्खास्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार उक्त आरक्षक की ड्यूटी केंद्रीय जेल के बंदियों की पेशी कराने लगाई गई थी। इस दौरान वह बंदियों को परिजन से मिलने देता था। साथ ही परिजन के द्वारा लाए गए भोजन को बंदियों को खाने देता था। टीम इंचार्ज ने उसे ऐसा करने से मना किया। तो उसने बहसबाजी की। इंचार्ज ने इसकी शिकायत आरआई से की। आरआई द्वारा जवाब-तलब किए जाने पर आरक्षक ने आरआई से दुर्व्यवहार किया। आरआई की शिकायत के बाद एसपी ने मामले की जांच कराई। विभागीय जांच के बाद एसपी ने आरक्षक को बर्खास्त कर दिया।

### कोहरे ने बिगाड़ी ट्रेनों की चाल, यात्री परेशान

# उत्कल रद्द, गोंडवाना, आजाद हिंद अहमदाबाद सहित दर्जनभर ट्रेनें लेट

**बिलासपुर।** कोहरे ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी है। कोहरे की वजह से रेल यातायात पिछले कई दिनों से से प्रभावित है। साल के आखिरी दिन रविवार को भी कोहरे के चलते ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित रही। आलम यह रहा कि उत्कल जैसी ट्रेनें भी 18 घंटे की देरी से चल रही हैं। इसके चलते इसे रद्द किया गया।




देश के उत्तर से पूर्व तक अभी सर्दी कोहरे की चादर में लिपटी हुई है। इस मौसम में पहली बार पंजाब से प. बंगाल तक दस राज्यों में दो हजार किमी के क्षेत्र में कोहरा छाया रहा। देश की लगभग 50 फीसदी आबादी को सर्दी का सितम झेलना पड़ रहा है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और मध्य प्रदेश के उत्तरी क्षेत्रों में नया साल 'कोल्ड डे' रहेगा। कोहरे से ट्रेनों की चाल बिगड़ गई है। रविवार को गोडवाना, आजाद हिंद, अहमदाबाद, इतवारी टाटा नगर पेसेंजर, मुबई हावड़ा, दुरंतो सहित दर्जनभर ट्रेनें 4 से 6 घंटे देर से पहुंचीं। इससे यात्रियों को असुविधा हुई। वे यात्री सबसे ज्यादा परेशान नजर आए, जिन्हें जरूरी काम के सिलसिले में यात्रा करनी थी।

### रिशेड्यूल करनी पड़ रही ट्रेनें

पिछले दिनों रायगढ़- गोंडवाना एक्सप्रेस को 7 घंटे रिशेड्यूल करना पड़ा था। यही स्थिति दूसरी ट्रेनों की है। अमृतसर-बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, हरिद्वार-पुरी उत्कल एक्सप्रेस, छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस सहित लेटलतीफी ट्रेनों में राजधानी एक्सप्रेस भी शामिल है। यह ट्रेन करीब दो घंटे विलंब से पहुंची। यह परेशानी आगे भी रहेगी। रेलवे के अफसर ट्रेन लेट लतीफी का कारण कोहरे को बता रहे है।

### इन ट्रेनों में अधिक मारामारी

दुर्ग से पुरी, अहमदाबाद पुरी जैसी ट्रेनें पिछले पखवाड़े भर से पैक चल रही हैं। इस रूट पर चलने वाली किसी भी ट्रेन में यात्रियों को केवल वेटिंग टिकट ही मिल पा रहा है। इसी तरह शिर्डी-साईंनगर एक्सप्रेस और बिलासपुर-तिरुपति एक्सप्रेस में लगातार यात्रियों की भीड़ बनी हुई है। ऐसे हालात में उज्जैन महाकाल का दर्शन कराने वाली बिलासपुर-भगत की कोठी और बीकानेर एक्सप्रेस में भी लगातार वेटिंग के हालात बने हुए हैं।






# नव वर्ष आपके लिए मंगलमय हो

## JANUARY

| SUM | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

## FEBRUARY

| SUM | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | | |

## MARCH

| SUM | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |

## APRIL

| SUM | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | | | | |

## MAY

| SUM | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 |
| 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | |

## JUNE

| SUM | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |

## JULY

| SUM | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 |
| 28 | 29 | 30 | 31 | | | |

## AUGUST

| SUM | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | 2 | 3 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
| 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 |
| 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 | 31 |

## SEPTEMBER

| SUM | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | | | | | |

## OCTOBER

| SUM | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 |
| 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 |
| 27 | 28 | 29 | 30 | 31 | | |

## NOVEMBER

| SUM | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 2 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 |
| 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 | 30 |


## DECEMBER

| SUM | MON | TUE | WED | THU | FRI | SAT |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 29 | 30 | 31 | | | | |

## शासकीय अवकास 2024

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गणतंत्र दिवस | 26 जनवरी | 10 | स्वतंत्रता दिवस | 15 अगस्त |
| 2 | होली | 25 मार्च | 11 | जन्माष्टमी | 26 अगस्त |
| 5 | गुड फ्राइडे | 29 मार्च। | 12 | ईद-ए-मिलाद | 16 सितम्बर |
| 6 | ईद-उल-फितर | 11 अप्रैल | 13 | गांधी जयंती | 2 अक्टूबर |
| 3 | राम नवमी | 17 अप्रैल | 14 | दशहरा | 12 अक्टूबर |
| 4 | महावीर जयंती | 21 अप्रैल | 15 | दिवाली | 31 अक्टूबर |
| 7 | बुद्ध पूर्णिमा | 23 मई | 16 | गुरु नानक जयंती | 15 नवंबर |
| 8 | ईद-उल-जुहा (बकरीद) | 17 जून | 17 | गुरु घासी दास जयंती | 18 दिसंबर |
| 9 | मुहर्रम | 17 जून | 18 | क्रिसमस दिवस | 25 दिसम्बर |


























# 2024 विकास, सुविधाओं व बेहतरी की नई इबारत लिखेगा बिलासपुर

## इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन समेत तमाम क्षेत्र में बड़ी सुविधाएं मिलेंगी

बिलासपुर। समय की किताब में 2024 का साल बिलासपुर के लिए विकास, सुविधाओं और बेहतरी की नई इबारत लिखेगा, ऐसी उम्मीद है। इस साल यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन समेत तमाम क्षेत्र में बड़ी सुविधाएं मिलेंगी। शहर में कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट हैं जो पूरे हो चुके हैं या पूरे होने की कगार में हैं। इनकी सुविधाएं इसी साल से शहर को मिलने लगेगी। आइए...जानते हैं कि 2023 अपने साथ बिलासपुर के लिए क्या-क्या सौगात लेकर आया है...



### 200 करोड़ का मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल

200 करोड़ रुपए की लागत से कोनी में छत्तीसगढ़ का दूसरा शासकीय मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल बनकर तैयार है। नए साल में यह सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल शुरू हो जाएगा। 44.58 एकड़ में बन रहे अस्पताल में राज्य कैंसर यूनिट, ट्रामा यूनिट, बर्न सेंटर, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, नवीन सिम्स छात्रावास, डॉक्टरों और स्टाफ के लिए आवास सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी। दिसंबर 2018 से बन रहे अस्पताल में अधिकांश काम पूरे हो चुके हैं। यूं तो अस्पताल को फरवरी 2020 तक पूरा करना था, लेकिन कोरोना महामारी में यह प्रोजेक्ट लेट हो गया। अधिकारियों का दावा है कि 11 मंजिल के इस अस्पताल के शुरू होने से बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश के लोगों को सरकारी दर पर बेहतर इलाज मिल सकेगा।




### चौपाटी में बन रहा 8 करोड़ का 'हैप्पी स्ट्रीट'

बिलासपुर में शनिचरी चौपाटी की कंक्रीट उखाड़ कर बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 'हैप्पी स्ट्रीट' का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण के लिए अविनाश बिल्डकॉन को 8 करोड़ का ठेका दिया गया है। जनवरी 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है। 300 मीटर की लंबाई तथा 70 मीटर की चौड़ाई में बच्चों के किड्स प्ले के उपकरण लगाए जाएंगे। वहीं साइकिलिंग करने वालों के लिए साइकिल ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को मंच प्रदान करने के लिए ओपन थिएटर का कार्य पूर्णता की ओर है। खूबसूरती बढ़ाने के लिए लैंड स्केपिंग, उद्यान तथा मनोरंजन के लिए म्यूजिकल फाउंटेन, रंगबिरंगी रोशनी बिखेरने वाली लाइटिंग करने का काम बाकी है। पैदल चलने वालों के लिए पाथ वे, सुस्वाद व्यंजन के स्टाल लगाने के लिए माडल कियोस्क लगाने की भी योजना है। इसे नगर निगम की ओर से तैयार कर आबंटित किया जाएगा।



### अरपा किनारे 94 करोड़ की स्मार्ट सड़क

इंदिरा सेतु से पचरीघाट तक बिलासपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत अरपा उत्थान एवं तट संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। नदी के दोनों किनारों पर इंदिरा सेतु से शनिचरी रपटा तक 1800-1800 मीटर की सड़क और नाली निर्माण 94 करोड़ में हो रहा है। सड़क को अप्रैल 2024 तक पूरा करने का दावा अधिकारियों ने किया है। सड़क निर्माण से शहर का यातायात सुगम तरीके से संचालित हो सकेगा। नेहरू चौक से शहर के व्यस्त इलाके गोल बाजार, सदर बाजार और शनिचरी बाजार की तरफ जाने के लिए शहरवासियों को एक वैकल्पिक मार्ग मिल जाएगा। वहीं, सरकंडा की ओर भी लोगों को इन जगहों तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त मार्ग की सुविधा मिलेगी। नदी में बनी सड़क का उपयोग करने से शहर में ट्रैफिक का दबाव कम होगा। इस प्रोजेक्ट में नदी के दोनों ओर फोरलेन सड़क में डिवाइडर के साथ-साथ सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा।



### कोनी में बन रहा 20 करोड़ का कन्वेंशन सेंटर

कोनी में करीब 20 करोड़ की लागत से सर्वसुविधायुक्त कन्वेंशन सेंटर बनाया जा रहा है। यहां सभा, संगोष्ठी, प्रदर्शनी,कला एवं साहित्य से जुड़ी हुई गीत-संगीत एवं नाटकों का मंचन किया जा सकेगा। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत इस योजना पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। लगभग सवा एकड़ में बनाएं जा रहे इस सेंटर में वो तमाम सुविधाएं मौजूद होगी जो बड़े शहरों के कन्वेंशन सेंटर में है। इस सेंटर में ग्राउंड फ्लोर के साथ ही तीन फ्लोर और रहेंगे। यहां वीआईपी रूम,वेटिंग हाल,परिसर में लैंड स्कैपिंग, फोर व्हीलर और टू व्हीलर की पार्किंग, टॉयलेट, दो लिफ्ट समेत सभी आधुनिक सुविधाएं होंगी। यहां पहले फ्लोर पर दुकान तो दूसरे फ्लोर पर आफिस और कोचिंग, ट्यूटोरियल गतिविधियों के लिए स्पेस रहेगा। द्वितीय तल पर 7 सौ की बैठक क्षमता के साथ ई लाइब्रेरी और तृतीय फ्लोर में 7 सौ की बैठक क्षमता का ऑडिटोरियम और म्यूजिक रिकार्डिंग हाल रहेगा।



### 301 करोड़ के अमृत मिशन से मिलेगा पानी

शहर की बहुप्रतीक्षित अमृत मिशन योजना का काम लगभग पूरा हो गया है। सरकंडा की तरफ टेस्टिंग पूरी हो गई है तो शहर की तरफ टेस्टिंग और कमीशनिंग की जा रही है। जल्द ही शहरवासियों की प्यास अमृत मिशन से बुझेगी। अधिकारियों के मुताबिक बिरकोना स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में लगभग सारे काम पूरे हो चुके हैं। जल्द ही टेस्टिंग समेत शेष कार्य पूरा कर लिए जाएंगे। यहां से फिनिशिंग कार्य बस बाकी है। 4680 किलो लीटर और 2090 किलो लीटर की दो बड़ी टंकियों का सिविल काम पूरा हो चुका है। दोनों टंकियों में पाइप फिटिंग और रंग रोगन का कार्य पूरा हो गया है। खूंटाघाट से वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बिरकोना तक के पाइपलाइन का काम भी पूरा हो गया है। पानी सप्लाई के लिए चार जगह तारबाहर, तोरवा, पटवारी ट्रेनिंग सेंटर और चांटीडीह में पानी टंकी बनकर तैयार है।

## खेल में आगे बढ़ेगा बिलासपुर

खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा दिलाने बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड खेल के तीन प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। जून 2024 के बाद से युवा खिलाड़ी 28.56 करोड़ के 3 प्रोजेक्ट्स का फायदा उठा सकेंगे। शहर के पुराने और प्रतिष्ठित शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक मल्टीपरपज स्कूल मैदान को मिनी स्टेडियम और ट्रेनिंग हाल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसी तरह संजय तरण पुष्कर परिसर में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाया जा रहा है। इसके अलावा शासकीय बिलासा देवी कन्या महाविद्यालय मैदान में महिलाओं के लिए विशेष तौर पर पिंक स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। इन तीनों प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद खिलाड़ियों को सर्व सुविधायुक्त मैदान, ट्रेनिंग हाल और प्रैक्टिस के लिए जगह मिलेगी तो वहीं भविष्य में खेलों के राष्ट्रीय स्तर के आयोजन होने से बिलासपुर का नाम देश के मानचित्र में उभरेगा।



### मिनी स्टेडियम (मल्टीपरपज स्कूल)

| | | |
|---|---|---|
| वर्क ऑर्डर | : | 31 मार्च 2022 |
| डेड लाइन | : | 15 माह |
| कब तक पूरा | : | जून 2024 |
| लागत | : | 14.91 करोड़ |
| ठेकेदार | : | श्रद्धा कंस्ट्रक्शन |

**खासियत:** मैदान में दो भवन का अलग से निर्माण किया जा रहा है, इसमें एक भवन में सिर्फ इनडोर गेम्स जैसे स्नूकर, बिलियड्‌र्स जैसे गेम्स होंगे। इनडोर जिम, मेडिटेशन और योगा हाल, स्टीम रूम, मसाज और जेक्यूजी जैसी सुविधाएं होंगी। दूसरे भवन में एक ट्रेनिंग हाल का निर्माण किया जाएगा, जो खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने का काम आएगा। यहां वीआईपी गैलरी, एनाउंसमेंट बॉक्स और कैंटीन भी बनाई जाएगी, ताकि मैच देखने पहुंचे दर्शकों को खाने-पीने की सुविधा मिल सके। स्टेडियम में ही 12 कमरे का एक हास्टल बनाया जाएगा, जिसमें बाहर से आए खिलाड़ियों के ठहराने की व्यवस्था की जाएगी। मार्निंग-इवनिंग वाक करने वालों के लिए मैदान के चारों ओर पाथ-वे बनाया जाएगा। स्टेडियम में क्रिकेट,हाकी और फुटबाल के अलावा कबड्डी,बास्केटबाल वालीबाल,तीरंदाजी और लान टेनिस जैसे खेल होंगे।




### पिंक स्टेडियम (जीडीसी)

| | | |
|---|---|---|
| वर्क ऑर्डर | : | 31 मार्च 2022 |
| डेड लाइन | : | 14 माह |
| पूरा होगा | : | मई 2023 |
| लागत | : | 3.87 करोड़ |
| ठेकेदार | : | सुशांत राय |

**खासियत:** महिलाओं के लिए प्रदेश के पहले पिंक स्टेडियम की सौगात मिलेगी। यहां खो-खो मैदान, एथलेटिक ट्रैक, इंडोर बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, वालीबाल कोर्ट, कबड्डी मैदान, लांग और हाई जंप ट्रैक, जागिंग ट्रैक, इंडोर जिम होंगे। यहां मल्टी-एक्टीविटी हाल भी बनाया जाएगा, जहां अलग-अलग छोटे-मोटे खेल गतिविधियों का संचालन किया जा सकेगा। यहां खिलाड़ियों के लिए रेस्ट रूम भी बनाया जाएगा, जहां बाहर से आने वाले खिलाड़ी रूक सकेंगी। दर्शकों के लिए पूरे स्टेडियम में दर्शक दीर्घा भी तैयार किया जाएगा। स्टेडियम में दो जगह दस-दस की संख्या में टायलेट बनाए जाएंगे। चेंजिंग रूम भी होगा। पार्किंग भी बनाई जाएगी।



### स्पोर्ट्स कांप्लेक्स (संजय तरण पुष्कर)

| | | |
|---|---|---|
| वर्क ऑर्डर | : | 31 मार्च 2022 |
| डेड लाइन | : | 15 माह |
| कब तक पूरा | : | जून 2024 |
| लागत | : | 9.78 करोड़ |
| ठेकेदार | : | श्रद्धा कंस्ट्रक्शन |

**खासियत:** यहां स्पोर्ट्स क्लब, स्विमिंग पुल, इंडोर ग्राउंड, मल्टी एक्टिविटी हाल, जिम, मेडिटेशन हाल, लेज स्पा, रेस्टोरेंट की सुविधा होगी। तीन मंजिला इस कांप्लेक्स में बेसमेंट में पार्किंग,ग्राउंड फ्लोर में रिसेप्शन और रेस्टोरेंट संचालित किया जाएगा। प्रथम तल में खिलाड़ियों के लिए बैडमिंटन और स्क्वैश कोर्ट होगा। द्वितीय तल में इंडोर गेम्स का संचालन किया जाएगा। काम्प्लेक्स के तीसरे फ्लोर पर एक सर्व सुविधायुक्त जिम होगा जहां शहरवासी एक्सरसाइज और अन्य फिजिकल वर्क कर सकेंगे।

### बेलतरा विधायक सुशांत ने निगम कमिश्नर के साथ किया मुआयना

# रायपुर के नालंदा परिसर जैसी लाइब्रेरी कोनी में और बिलासा ताल में स्थापित होगा 'बादल'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ अंचल के युवाओं और विद्यार्थियों के लिए होगी बड़ी सौगात

रायपुर के नालंदा परिसर जैसी सुविधा जल्द ही बिलासपुर को मिल सकती है। इसे हकीकत में बदलने तैयारी शुरू कर दी गई है। रविवार को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत और निगम अधिकारियों के साथ मिलकर बेलतरा विस क्षेत्र के कोनी में स्थल का मुआयना किया। निगम कमिश्नर ने नालंदा परिसर जैसे परिसर के लिए डीपीआर तैयार करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इसके अलावा स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बेलतरा विधानसभा में चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया गया। बिलासपुर शुरू से एजुकेशन हब के रूप में प्रसिद्ध रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने यहां प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों से भी छात्र बिलासपुर पहुंचते हैं। इसके अलावा सेंट्रल यूनिवर्सिटी, एयू,पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन विवि, इंजीनियरिंग कॉलेज समेत दर्जन भर उच्च शिक्षा के संस्थान हैं। निगम द्वारा नूतन चौक में संचालित सेंट्रल लाइब्रेरी के अलावा दूसरा सर्वसुविधायुक्त शासकीय लाइब्रेरी नहीं है और सेंट्रल लाइब्रेरी की क्षमता सीमित है। इस वजह से यहां एक भव्य और सुविधायुक्त परिसर की आवश्यकता है, जहां एक अच्छे वातावरण में छात्र और युवा अपना सुनहरा भविष्य गढ़ सकें। छात्रों की मांग को देखते हुए विधायक सुशांत शुक्ला और निगम कमिश्नर श्री कुणाल दुदावत ने कोनी क्षेत्र में बिलासा ताल के समीप, सेंट्रल यूनिवर्सिटी मैदान समेत अन्य स्थानों का निरीक्षण कर योजना को मूर्त रूप देने पहल की है।


निरीक्षण के दौरान निगम कमिश्नर और विधायक।

#### आटर्स गैलरी, म्यूजिक रिकार्डिंग रुम भी होगा

बिलासा ताल का पुनर्विकास और उन्नयन कर "बादल एकेडमी" बनाया जाएगा, जिसका विधायक सुशांत शुक्ला और निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर जायजा लिया। कोनी रोड स्थित बिलासा ताल में बस्तर आटर्स डांस एंड लैंग्वेज एकेडमी "बादल" स्थापित किया जाएगा। जहां आर्ट गैलरी, एक्जीबिशन, डांस ट्रेनिंग हाल, म्यूजिक रिकार्डिंग रूम, कोचिंग स्पेस, पाथ वे, कैफेटेरिया, टायलेट और पार्किंग की सुविधा होगी। इसके लिए स्मार्ट सिटी द्वारा निविदा जारी कर दी गई है।

#### समय सीमा के भीतर पूर्ण हो प्रोजेक्टः सुशांत

स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत बेलतरा विधानसभा में संचालित निर्माणाधीन प्रोजेक्ट का निरीक्षण करते हुए बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि गुणवत्ता के साथ तीव्र गति से कार्य करने की आवश्यकता है ताकि इसका लाभ नागरिकों को मिल सके। ठेकेदार को समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश विधायक श्री शुक्ला ने दिए। विदित है की कोनी में स्मार्ट सिटी द्वारा कन्वेंशन सेंटर तैयार किया जा रहा है, इसके अलावा अरपा नदी में गंदे पानी के प्रवेश को रोकने कोनी और मंगला में तीन एसटीपी और रोड-नाला निर्माणाधीन है, इन सभी प्रोजेक्ट का विधायक और निगम कमिश्नर ने निरीक्षण किया।

# जन जन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना हम सभी की नैतिक जिम्मेवारीः अमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


भाजपा मंडलों के अभिनंदन समारोह में शामिल हुए विधायक।

■ जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं की मेहनत को दिया

विधायक अमर अग्रवाल की जीत पर रविवार को नगर भाजपा के विभिन्न मंडलों ने विधायक अमर अग्रवाल का अभिनंदन किया। इस अवसर सभी मंडल सभी मंडलों व पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के प्रति अमर अग्रवाल ने आभार जताते हुए कहा कि बिलासपुर के नागरिकों के आशीर्वाद और भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता मेहनत से उन्हें रिकार्ड तोड़ जीत मिली है। संगठन की मजबूती तथा सरकार की योजनाओं को लेकर भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता ही जनता तक पहुंचता है। अमर अग्रवाल ने कहा राज्य और केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है, हम सब मिलकर लोकसभा चुनाव में एक बार फिर भाजपा को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे और मोदी जी की गारंटी के साथ योजनाओ को जन-जन तक पहुंचाएंगे। पार्टी के सभी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं को नए साल की बधाई देते हुए अमर अग्रवाल ने कहा कि संगठन तथा सरकार में कार्यकर्ताओं को पूरा महत्व मिलेगा। भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता उनके परिवार के सदस्य हैं । आने वाला नया साल चुनावी साल होगा। अप्रैल माह में लोकसभा चुनाव होंगे और उसके बाद नगरीय निकाय के चुनाव होने वाले हैं हमें अभी से ही लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर देना है। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत, मंडल अध्यक्ष अरविंद बोलर, अजीत भोगल, जुगल अग्रवाल,विजय ताम्रकार ,मनीष अग्रवाल , युवा मोर्चा के दीपक सिंह ठाकुर निखिल केसरवानी सहित भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने विधायक अमर अग्रवाल का अभिनंदन किया। इस दौरान महिला मोर्चा की अध्यक्ष जय श्री चौकसे के नेतृत्व में महिला मोर्चा ने सभी कार्यकर्ताओं का पदाधिकारी का स्वागत किया। विधायक अमर अग्रवाल के अभिनदंन समारोह में आज काफी संख्या में कार्यकर्ता अमर अग्रवाल को बधाई देने पहुंचे थे । श्री अग्रवाल ने सभी के प्रति आभार जताया।

## निधन

### सूर्यप्रकाश दुबे



**बिलासपुर।** शांतिनगर निवासी पंडित सूर्यप्रकाश दुबे मुन्ना भैया का 30 दिसंबर को निधन होगया है। उनका अंतिम संस्कार पंडित देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। वे जितेंद्र मोहन व विनय मोहन के पिता एवं दिव्यप्रकाश टिंकू दुबे के बड़े भाई थे।

### जयवंत राय बलवंत राय कोठारी



**बिलासपुर।** टिकरापारा निवासी जयवंत राय बलवंत राय कोठारी का 30 दिसंबर की रात निधन हो गया। वे वीरेश कोठारी, देवेन्द्र कोठारी व मनीषा कापड़िया के पिता, जनक कोठारी,अरुण कोठारी व हंसमुख कोठारी के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम इक्छानुसार मृत्यु उपरांत नेत्र दान व देहदान किया गया।

# नालंदा परिसर की मांग, सांकेतिक धरना भी दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ कांग्रेस नेताओं ने उठाई आवाज

बिलासपुर में नालंदा परिसर की मांग करते हुए कांग्रेस ने धरना दिया। इसमें कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी, प्रवक्ता ऋषि पांडेय, प्रदेश सचिव नजीम खान, कार्यालय सचिव सुभाष ठाकुर, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश पदाधिकारी सुहैल खान सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और प्रतियोगिगण शामिल हुए। इसके बाद प्रेस वार्ता में श्री केशरवानी ने कहा कि बिलासपुर छत्तीसगढ़ का दूसरा सबसे बड़ा शहर है , जहां शिक्षा का विकास द्रुत गति से हो रहा है।

बिलासपुर में कोरबा, सरगुजा,जशपुर ,रायगढ़ सहित पूरे छत्तीसगढ़ से बच्चे उच्च शिक्षा के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि बिलासपुर में केंद्रीय विश्वविद्यालय, स्टेट विश्वविद्यालय, ओपन यूनिवर्सिटी होने के कारण पूरे देश के स्टूडेंट अध्ययन के लिए आते हैं। बिलासपुर से आज प्रतियोगी परीक्षाओं में सबसे अधिक चयनित होते हैं, बिलासपुर में यूपीएससी, पीएससी, नीट, जेई, एसएससी, व्यापम जैसे सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्राइवेट कोचिंग संचालित हो रहे हैं ,जिनमें लगभग 60 हजार से भी अधिक प्रतियोगी अध्ययनरत हैं। उन्होंने कहा कि मेघावी बच्चे गरीबी या सुविधाहीन होने के कारण सुनहरा मौका खो देते हैं।

इसी कारण उनकी योग्यता और काबिलयत से अप्रत्यक्ष रूप से छत्तीसगढ़ को लाभ नहीं हो पाता। इसलिए समय की मांग और आवश्यकतानुसार बिलासपुर में नालंदा परिसर की स्थापना होना चाहिए।


कांग्रेस भवन में धरने पर बैठे कांग्रेसी।

# ब्रांडेड व वूलेन गारमेंट सेल में भारी डिस्काउंट

बिजनेस प्लस

**बिलासपुर।** आनंद होटल के बाजू पुराना बस स्टैंड रोड स्थित श्री जगन्नाथ मंगलम में ब्रांडेड गारमेंट व वूलेन गारमेंट्स सेल का आयोजन किया गया है, जिसे बढ़िया रिस्पॉन्स मिल रहा है। सेल सीमित दिनों के लिए है। सेल के संचालक ने बताया कि जेंट्स, लेडिस, किड्स के ब्रांडेड जीन्स, ट्राउजर्स, जीन्स पैंट, कैपरी, 100% कॉटन शर्ट, टी-शर्ट, लोअर, बरमूडा, 3/4 कैपरी, लेडिस के लिए प्योर कॉटन कुर्ती, लोअर, लैगिस, पैंट, टॉप, प्लाजो, जीन्स पैंट एवं हजारों वेरायटी के फ्रेश अनेकों आइटम्स मात्र 200 से 550 रु में बिक्री किए जा रहे हैं। विंटर वियर में जेंट्स, लेडिस व किड्स के लिए ब्रांडेड जीन्स ट्राउजर्स 100% कॉटन शर्ट, टी-शर्ट ट्रैक पैंट, लेडिस में प्योर कॉटन व कुर्ती, टी-शर्ट, टॉप, प्लाजो, लोअर जीन्स, पैंट एवं हजारों वैरायटी के अनेक आइटम्स में से जिनके शोरूम रेट्स 1000/- से 2500/- तक हैं, सेल में 200 से 750 रु में उपलब्ध हैं।

ज्ञात हो कि लेडीज व जेंट्स अंडर गारमेंट्स 20 से 150 रु में, लेडिस वेस्टर्न टॉप 100 रु में, लेडिस लैगिस 100 रु में, लेडिस कॉटन कुर्ती 150 रु में, लेडिस जीन्स 200 रु में, जेंट्स शर्ट 150 रु में, जेंट्स टी-शर्ट 200 रु में, जेंट्स लोअर 150 रु में, जेंट्स जीन्स व ट्राउजर्स 350 रु में उपलब्ध हैं। वहीं किड्स टी-शर्ट 150 रु में, किड्स शर्ट 100 रु में, किड्स जीन्स 200 रु में, किड्स लोअर 150 रु में तथा बेबी फ्रॉक, फ्रॉक सूट, अम्ब्रेला सूट मात्र 350 रु में बिक्री लिए उपलब्ध है। इसके अलावा स्पेशल काउंटर में ओरिजिनल शर्ट (ऑफिशियल, पार्टी वियर, केजुअल वियर) मात्र 450 से 550 रु में, ब्रांडेड जीन्स 550 से 750 रु में, ब्रांडेड जेंट्स जैकेट मात्र 350 से 750 रु में, ब्रांडेड कुर्ती केवल 350 से 550 रु में, लेडिस स्वेत शर्ट, कार्डिगन 450 से 950 रु में, जेंट्स वूलेन टी-शर्ट, जेंट्स लोअर, प्लाज़ो व लैगिस, बेबी टॉप, बेबी जीन्स, किड्स वूलेन कुर्ती व किड्स टी-शर्ट आदि मात्र 150-150 रु में और किड्सवेअर की अनलिमिटेड स्टॉक है जो 100 से 550 रु की रेंज में उपलब्ध है। स्पेशल काउंटर में बच्चा स्वेटर, हूडी, पुलोवर मात्र 250 से 350 रु में तथा मफलर, वूलेन टोपा आदि 20 से 150 रु में उपलब्ध है।





आज तेरहवी पर श्रद्धा सुमन अर्पित

आपकी प्यारी यादें अंकित हैं हमारे दिलों में, आपके कर्मों की खुशबू जिंदा है हमारी सांसों में,
अब आप नहीं ये सच्चाई है, लेकिन अस्तित्व में आप हैं और हमेशा रहेंगे, यही विश्वास है।



जन्म
12/07/1935

स्वर्गारोहण
20/12/2023

श्रीमती सरोजनी केशरवानी
प्रथम अध्यक्ष - केशरवानी वैश्य महिला सभा मुंगेली
धर्मपत्नी - स्व. श्री निरंजन प्रसाद केशरवानी
(भू.पू. विधायक एवं सांसद)
मुंगेली

शोकाकुल परिवार
श्रीमती उमा विनोद केशरवानी
श्रीमती अंजली - कैलाश केशरवानी
श्रीमती नलिनी - कमलेश्वर केशरवानी, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत
श्रीमती कल्पना - अजय केशरवानी, एडव्होकेट
श्रीमती कविता - डॉ. शैलेन्द्र केशरवानी
श्रीमती श्रेया - निलेश केशरवानी
श्रीमती निकिता - विकास अग्रवाल
डॉ. अनुकृति केशरवानी, इंजी. अभिषेक केशरवानी, मास्टर श्रेय

शोकाकुल
डॉ. कर्नल पी.एल. केशरवानी, श्रीमती अनिता केशरवानी, श्रीमती ममता केशरवानी,
श्रीमती शुभलक्ष्मी - राजेश केशरवानी, श्रीमती स्नेहलता - डॉ. विजय,
श्रीमती डॉ. अंजली - डॉ. विनय, श्रीमती वीणा - विकास, श्रीमती सुनीता - अजय,
श्रीमती डॉ. सोनम - डॉ. आदित्य, श्रीमती अपर्णा - साकेत, इंजी. पलाश,
डॉ. मुस्कान, बेबी ईशानी, मास्टर शिवांश एवं समस्त भवानी साव गुप्ता परिवार मुंगेली

31DEC -BSP-pg- 5 FULL PG_Layout 1 12/31/2023 10:52 PM Page 1





31 -DEC-REGNOL-Pg-6_Layout 1 12/31/2023 10:56 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### 33वां सालाना उर्स पाक आज

**रतनपुर।** हजरत सैय्यद इज्जत शाह का सालना उर्स मुबारक हर साल की तरह इस साल भी 1 जनवरी सोमवार को शानो शौकत से मनाया जाएगा। हजरत सैय्यद इज्जत शाह यंग इंतेजामिया कमेटी के अध्यक्ष हाजी मो. अशरफ खान ने बताया कि सुबह 10 बजे गुस्ल व चादर पोशी सुबह 11 बजे से जलसा होगा, जिसमें मुकर्रिए खुसुसी खतीबे अहले सुन्नत हजरत मौलाना हाफिज रमजानुल कादिरी जेरे सादरत हाजी अय्यूब कादिरी हाजी मो. अनवर खान होगें। दोपहर 1.55 बजे कुल की फातेहा व आम लंगर का भी एहतमाम किया गया हैं।

### अखिल भारतीय मानस सम्मेलन आज से

**लोरमी।** ग्राम-तेलीखाम्ही में 1 जनवरी से अखिल भारतीय श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। तक मानस प्रवचन दोपहर 2:30 से रात्रि 8 बजे तक होगा। आमंत्रित व्यास संत रामकृष्ण मानस मित्र (अलीगढ़ उ.प्र) 1 से 9 जनवरी, संत शीतलदास रामायणी (भदोही उ.प्र.) 1 से 4 जनवरी, रामचन्द्राचार्य महाराज (बक्सर बिहार) 2 से 5 जनवरी, यशोमती देवी अंतराष्ट्रीय व्यास (वैद्यनाथधाम झारखण्ड ) 5 से 9 जनवरी, डॉ. रामगोपाल तिवारी मानस रत्न (चित्रकुट बांदा) 6 से 9 जनवरी तक कथा कहेंगे।

## निधन

### सूर्यप्रकाश दुबे



**बिलासपुर।** शांतिनगर निवासी पंडित सूर्यप्रकाश दुबे मुन्ना भैया का 30 दिसंबर को निधन होगया है। उनका अंतिम संस्कार पंडित देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। वे जितेंद्र मोहन व विनय मोहन के पिता एवं दिव्यप्रकाश टिंकू दुबे के बड़े भाई थे।

### जयवंत राय बलवंत राय



**बिलासपुर।** टिकरापारा निवासी जयवंत राय बलवंत राय कोठारी का 30 दिसंबर की रात निधन हो गया। वे वीरेश कोठारी, देवेन्द्र कोठारी व मनीषा कापड़िया के पिता, जनक कोठारी,अरुण कोठारी व हंसमुख कोठारी के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम इक्छानुसार मृत्यु उपरांत नेत्र दान व देहदान किया गया।

### डा. आनंद राम मंदानी



**तखतपुर।** पूज्य सिन्धी पंचायत के वरिष्ठ सदस्य डा. आनंदराम मंदानी 82 वर्ष का 31 दिसम्बर को निधन हो गया। वे अपना प्राविजन के संचालक रमेश मंदानी, सतीश मंदानी के पिता, सुरेश मंदानी के बड़े भाई, अमित मंदानी और पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष राकेश मंदानी के चाचा थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### हज्जन फजर बी



**रतनपुर।** करैहापारा निवासी हज्जन फजर बी का 65 वर्ष की आयु में 30 दिसंबर को इंतकाल हो गया। जिनकी नमाजे जनाजा 31 दिसंबर को जोहर बाद शनिचरी कब्रिस्तान में पढ़ी गईं। मरहूमा वादिर खा की मां थीं। में किया गया।

# बंद हो चुकी खदान मानिकपुर पोखरी को ईको-पर्यटन स्थल बनाएगा एसईसीएल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एसईसीएल ने बीते वर्ष कोरबा जिले के मानिकपुर पोखरी को ईको-पर्यटन स्थल बनाने निर्णय लिया था। वर्ष 2024 में इस परियोजना का क्रियान्वयन शुरू हो जाएगा और पूरा हो जाने पर यह छत्तीसगढ़ राज्य में इस प्रकार का दूसरा ईको-टूरिस्ज़्म साइट होगा। इससे पहले एसईसीएल ने सूरजपुर जिले में स्थित केनापरा में भी बंद पड़ी खदान को ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया है, जहां आज दूर-दूर से सैलानी घूमने और बोटिंग एवं अन्य गतिविधियों का लुत्फ लेने आते हैं। इस पर्यटन स्थल की प्रशंसा स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्वीट के जरिये कर चुके हैं।

इस परियोजना के तहत एसईसीएल नगर निगम कोरबा से साथ मिलकर जिले में स्थित मानिकपुर पोखरी को ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 11 करोड़ से अधिक की राशि खर्च करेगा। इस परियोजना के अंतर्गत बंद पड़ी मानिकपुर ओसी, जिसने एक पोखरी का रूप ले लिया है, को विभिन्न पर्यटन सुविधाओं से लैस एक रमणीक ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। पिछले वर्ष कंपनी द्वारा परियोजना के क्रियान्वयन के लिए चेक द्वारा कलेक्टर कोरबा को 5.60 करोड़ रुपए की राशि जारी की जा चुकी है।



### गेवरा बन सकती है एशिया की सबसे बड़ी खदान, वार्षिक उत्पादन क्षमता 70 मिलियन टन तक ले जाने प्रयास

गेवरा खदान द्वारा 50 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन हासिल कर देश की सबसे बड़ी खदान बनना वर्ष 2023 में एसईसीएल की बड़ी उपलब्धियों में से एक रही। इस वर्ष कंपनी का उद्देश्य गेवरा को एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान बनाने का है। कंपनी खदान विस्तार योजना के तहत गेवरा की वार्षिक उत्पादन क्षमता को 70 मिलियन टन करने के लिए पर्यावरण स्वीकृति हासिल करने के लिए प्रयास कर रही है। और इस वर्ष इन प्रयासों की सफलता मिलने की पूरी उम्मीद है।

### सीईडबल्यूआरएल रेल कॉरिडोर का कार्य पूरा होने की उम्मीद



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खरसिया से धरमजयगढ़ के बीच 3000 करोड़ से अधिक की लागत से बने एसईसीएल के रेल कॉरिडोर को राष्ट्र को समर्पित किया। इस वर्ष रेल कॉरिडोर परियोजनाओं के अन्य चरणों पर कार्य शुरू हो जाएगा। प्रमुख रूप से गेवरा रोड से पेंडरा रोड के बीच लगभग 5000 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे छत्तीसगढ़ ईस्ट वेस्ट रेल परियोजना के पूरे होने की उम्मीद है। वहीं धरमजयगढ़ से उरगा के बीच लगभग 1700 करोड़ की लागत से बन रहे छत्तीसगढ़ ईस्ट रेल कॉरिडोर फेज़ 2 पर भी कार्य शुरू जाने की आशा है। इन रेल परियोजनाओं से जहां इन क्षेत्रों में अवस्थित एसईसीएल की कोयला खदानों से देशभर में कम समय में कोयला पहुंचाने में मदद मिलेगी वहीं भविष्य में यात्री सुविधाओं के विकास से आदिवासी अंचल के लोग भी देश की मुख्य धारा से जुड़ पाएंगे।

### नेट-पॉजिटिव कंपनी बनने के पथ पर आगे बढ़ेगा एसईसीएल



ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने एसईसीएल द्वारा सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विकास में तेज़ी लाई गई। गत वर्ष एसईसीएल के जोहिला, जमुना-कोतमा और कुसमुंडा क्षेत्रों में 580 किलोवाट क्षमता की रूफ-टॉप सौर परियोजनाओं से उत्पादन की शुरुआत हुई। इस वर्ष छत्तीसगढ़ राज्य के आदिवासी बहुल सरगुजा क्षेत्र के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में स्थित भटगांव और बिश्रामपुर क्षेत्रों में कंपनी द्वारा अपनी जमीन पर विकसित किए जा रहे 20-20 मेगावाट के ग्राउंड माउंटेड, ग्रिड कनेक्टेड सोलर परियोजनाओं से उत्पादन शुरू हो जाने की आशा है।

## बेड़ापाट लिटिया में एनएसएस शिविर



**बिलासपुर।** प्रो. रामनारायण शुक्ल द्वारा स्थापित द्वारिका प्रसाद शुक्ल उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय भकुर्रा नवापारा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम-बेड़ापाट (लिटिया) में किया गया।

नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर 24 से 30 दिसंबर तक आयोजित शिविर के दूसरे दिन बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारी गोबरीपाट गौरव गुप्ता ने राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थी जीवन में महत्व को बताया। तीसरे दिन रोमा साहू व मनोरमा कोरी गायत्री परिवार महिला मण्डल कोटा ने कन्या कौशल विषय पर चर्चा की। दिनेश राजपूत ने शिविरार्थियों को जीवन निर्माण के विषय पर चर्चा की। चौथे दिन मणिशंकर दुबे व निरंकार तिवारी (एनटीपीसी सीपत) शिविर में शामिल हुए। उन्होंने स्वास्थ्य तथा शिक्षा के महत्व को बताया। पांचवें दिन विक्रमधर दिवान (शिक्षक शिवतराई) उन्होनें रा.से.यों के लक्ष्य पर चर्चा की। छठवें दिन आशा सुल्तानियां व नलिनी कश्यप (गायत्री परिवार बिलासपुर ) ने नारी जागरण एवं नारी सशक्तिकरण के विषय पर चर्चा की और सातवें दिन शिविर का समापन हुआ। समापन में ग्राम बेड़ापाट की सरपंच दुलेश्वरी नेताम व पंच तथा प्रधानपाठक शशि कुमार कश्यप अतिथि रहे। अध्यक्षता प्राचार्य रामजी राजपूत ने की। शिविर में 50 छात्र/छात्राएं शामिल हुए। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश लहरे, शिविर संयोजक अर्जुन सिंह पोर्ते अन्य सहयोगी सरवन पटेल, देवीलाल पटेल, भीषम जायसवाल, लीला पटेल, अंजली पटेल, मिलाप यादव अनिता पटेल तथा उषा यादव का सहयोग सराहनीय रहा।



## चितावर में अक्षत कलश का भव्य स्वागत

**तखतपुर।** ग्राम पंचायत चितावर में अयोध्या से आए अक्षत कलश का धूमधाम से स्वागत किया गया। अक्षत कलश को बाजे गाजे के साथ महामाया मंदिर ले जाया गया। इस मौके पर देवा सरपंच सिंगरौल रतन लाल सिंगरौल, बालाराम, गोकुलराम, गोकुल प्रसाद, तुलाराम, लालबरन, रामनारायण, गीताराम, सीताराम उपसरपंच तथा ग्रामीण जन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बैठक कर गुरुवार को अक्षत कलश को बाजे गाजे के साथ हर घर में पहुंचने पर उसके भव्य स्वागत की चर्चा की गई। 22 जनवरी को 3 घंटे की रामधुनी करने का निर्णय लिया गया। इस आयोजन को गरिमामय ढंग से करने तथा सबकी सहभागिता बनाने के लिए कहा गया।

## साल के अंतिम दिन भैरव बाबा के दरबार में लगी श्रद्धालुओं की कतार



**बिलासपुर।** वर्ष 2023 के अंतिम दिन भैरव बाबा के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। सुबह से ही भक्त अपनी कामनाओं को लेकर महामाया देवी दर्शन के साथ भैरव बाबा मंदिर दर्शन करने पहुंचे। अंग्रेजी माह की एक जनवरी से शुरुआत होगी। रतनपुर के कोतवाल एवं तंत्र अधिष्ठाता भगवान भैरव नाथ के दर्शन के लिए हर साल भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचते हैं जिसे लेकर मंदिर प्रबंधन तैयारी कर ली है। भीड़ को देखते हुए थाने में बल की भी मांग की गई है। भैरव मंदिर के महंत पं. जागेश्वर अवस्थी ने बताया कि हर वर्ष एक जनवरी को बड़ी संख्या में भक्त मदिर पहुंचते हैं। भगवान भैरव जी का दिव्य श्रृंगार किया जाएगा। सुबह 5 से मंदिर में पूजा शुरू हो जाएगी। श्रद्धालु 6 बजे सुबह से भगवान के दर्शन कर सकेंगे। सुबह 7 बजे भगवान भैरव नाथ की आरती की जाएगी। दोपहर 12: 30 भगवान भैरव नाथ को खीर, दाल, चावल, रोटी, सब्जी आदि का भोग लगाया जाएगा।



- नव वर्ष पर विशेष पूजन होगा

## वीर नारायण सिंह का नाम सुनकर कांपते थे अंग्रेज: धर्मजीत सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



अमर शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस गोंड़वाना भवन में विधायक धर्मजीत सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया।

विधायक धर्मजीत सिंह ने कार्यक्रम में कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह अपनी प्रजा के प्रति अटूट स्नेह और लगाव रखते थे जब सोना खान में अकाल पड़ा तो उन्होंने भूख से तड़पती जनता के दुख को दूर करने के लिए अनाज एकत्रित किया और उसे जनता में बंटवा दिया। वे एक ऐसे छत्तीसगढ़ के वीर सपूत थे जिनकी नाम सुनते ही अंग्रेजों के छक्के छूट जाते थे। वे अपनी पूरी जीवन मातृभूमि की सेवा को अर्पित कर दिए आज हम उस महान शहीद को नमन अर्पित करते है। नगर के गोड़वाना भवन में आयोजित का शुभांरभ शहीद वीर नारायण सिंह की छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया, तत्पश्चात अतिथियों को स्वागत किया गया। कार्यक्रम के पूर्व नगर के मण्डी चौक से मुख्य मार्ग में बाईक रैली निकाली गई। इस अवसर पर अशोक ठाकुर, कृष्ण कुमार साहू, वंदना बाला सिंह, रश्मि ध्रुर्वे, भारत मरकाम, सुरेंद्र प्रधान, जगन्नाथ ध्रुव, जवाहर नेताम, देवी लाल नागेशी, करमु सिंह, साधराम, कलीराम, एम आर पोर्ते, समारू पोर्ते, जगदीश ध्रुव, भरत लाल मार्को, भंवर सिंह, आर के नेताम, प्रमोद ध्रुव, श्रवण ध्रुव, गेंदराम ध्रुव, चित्रांगन ध्रुव, भरत सिंह, हरिशंकर नेताम, रामनाथ पोर्ते सहित अन्य उपस्थित रहे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक बोदरी तहसील -बिल्हा, जिला -बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/रा.नि./क्यू/2023
दिनांक 28/12/2023

प्रति

आवेदक/आवेदिका पूनम अग्रवाल पति राजेश अग्रवाल सा. बिलासपुर समीपी भूमिस्वामी (1) विनय आ.ज्ञानचंद सा. रायपुर (2) दिनेश कुमार मित्तल पि. दुर्गा प्रसाद सा. बिलासपुर (3) अमित अग्रवाल पि. राजकुमार सा. बिलासपुर (4) सविता पति मदन अग्रवाल सा. बिलासपुर (5) पवन कुमार पिता सेठूराम अग्रवाल सा. बिलासपुर

विषय- सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।
संदर्भ- न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिल्हा ज्ञापन कमांक/ /क/तह. वाचक/2023
बिल्हा दिनांक 28/12/2023

उपरोक्त विषयान्तगत लेख है कि आवेदक/आवेदिका पूनम अग्रवाल पिता/पति राजेश अग्रवाल निवासी बिलासपुर के द्वारा न्यायालय तहसीलदार/ नायब तहसीलदार बिल्हा में मौजा बोदरी (म.नं.1) प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. बोदरी तहसील बिल्हा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.) स्थित ख.नं. 294/10, 294/11 रकबा 0.1400, 0.2540 हे. का सीमांकन हेतु छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत आवेदन किया गया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 05/01/2024 को समय 11:00 से 5:00 बजे किया जाना है। अत: आप अपनी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज सहित उक्त नियत तिथि को स्थल पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात् की गई आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।


**राजस्व निरीक्षक, बोदरी**
**तहसील बोदरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार कि ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर सर्वसाधारण के लिए आम सूचना प्रकाशित कराता हूँ कि भूमि स्वामी श्री संजय बग्गा पिता श्री प्रमोद बग्गा निवासी बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. के हक एवं स्वामित्व आधिपत्य की भूमि मौजा सरगांव प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. सरगांव तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 1581/1 रकबा 0.15 एकड़ एवं खसरा नं. 1581/2 रकबा 0.24 एकड़ कुल रकबा 0.39 एकड़ भूमि है। उक्त भूमि को मेरे पक्षकार के द्वारा भूमि स्वामी से क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दिया गया है निकट भविष्य में पंजीयन कराया जायेगा। उक्त सौदे बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय, अर्धशासकीय निकाय आदि को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के अन्दर मय दस्तावेज मेरे समक्ष लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात की गई दावा/आपत्ति अमान्य होगी। सो सूचना जानें।

भवदीय
**आदर्श हजारी (अधिवक्ता)**
बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9827170017

## सचिव संघ का परिचय सम्मेलन



**तखतपुर।** तखतपुर। सचिव संघ जिला इकाई बिलासपुर द्वारा परिचय सम्मेलन एवं कार्यकारिणी विस्तार का आयोजन जरौंधा में किया गया। ब्लॉक में सचिवों की समस्याओ पर भी चर्चा कर उसका हल निकालने पर प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्यामकार्तिक जायसवाल द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए जिलाकोषाध्यक्ष भानु विश्वकर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष सचिन कौशिक, उपाध्यक्ष थानेश्वर ठाकुर, संगठन सचिव सालिक सिंगोरे तखतपुर, संगठन सचिव वीरेंद्र प्रजापति बिल्हा, संगठन सचिव मलेश कुमार लहरे कोटा एवं संगठन सचिव विशेषर श्रीवास मस्तूरी,उपसचिव त्रिभुवन मेहर, मिडिया प्रभारी कृष्ण कुमार कौशिक, बृजेश साहू, महासचिव कैलाश पटेल, मुख्य सलाहकार रामकुमार मिश्रा, जीवन पटेल, अन्नू साहू, महामंत्री, गयाराम टंडन, धर्मेंद्र पटेल, टंकेश साहू, गीता घृतलहरे, भोलादास मानिकपुरी, सोशल मीडिया प्रभारी विवेक राठौर, विक्की आनंद लहरे सहित अन्य बनाये गए। इस अवसर पर अभ्युदय तिवारी, भूपेंद्र साहू, उमेश जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

**अश्रु पूरित श्रद्धांजलि**

सारी उम्र आँखो में, एक सपना याद रहेगा, आप चले गए
भले ही इस जहां से, पर सदा आपके याद का दिया जलता रहेगा।



जन्म 12/07/1935
स्वर्गारोहण 20/12/2023

**श्रीमती सरोजनी केशरवानी**
**पत्नी स्व. श्री निरंजन प्रसाद केशरवानी**
(भूतपूर्व सांसद एवं विधायक) मुंगेली

शोकाकुल - डॉ. विनय गुप्ता (अध्यक्ष)
कमलेश्वर केशरवानी (ट्रस्टी), अजय गुप्ता (ट्रस्टी)

**शोकमग्न**
डॉ. विजय - स्नेहलता, डॉ. विनय- डॉ. अंजली, विकास-वीणा, श्रीमती उमा, श्रीमती अनिता, कैलाश- अंजनी, श्रीमती ममता, कमलेश्वर - नलिनी, राजेश- शुभा, अजय-सुनिता एवं समस्त भवानी साव परिवार मुंगेली, बिलासपुर, कोरबा

सौजन्य - भवानी साव, रामलाल साव, धर्मादा ट्रस्ट, मुंगेली

**Health Town**

**मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल**
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी) पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

**जड़ से इलाज**
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

# नया साल 2024 लेकर आएगा नई उम्मीदें

**बिलासपुर।** नया साल 2024 नई उम्मीदें लेकर आएगा। एयरपोर्ट के विस्तार से उड़ानें बढ़ेंगी शहर और महानगरों की दूरी कम हो जाएगी। पार्किंग की समस्या से निजात पाने शहर में दो मल्टीलेवल पार्किंग का काम अंतिम दौर में है, इसके पूरा होने से व्यस्त रहने वाली सड़क पर गाड़ियों का जाम लगना कम हो जाएगा और यातायात व्यवस्था सुचारु होगी। इसके अलावा आईटीएमएस से भी यातायात की समस्या से राहत मिलेगी। इन योजनाओं के साथ साथ अरपा में दो बैराज भी आकार ले चुका है। इससे पूरा होने से शहर का जल स्तर बढ़ेगा। वहीं अरपा में गंदा पानी न जाए इसके लिए ट्रीटमेंट प्लांट भी तैयार हो गया है।

## बिलासपुर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग

■ बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट में फ्लाइट कम्युनिकेशन के लिए उपकरण की कमी है। जिसे दूर करने टर्मिनल बिल्डिंग बनाई जा रही है। यहां शुरुआती दिनों से ही आईएलएल (इंस्ट्रुमेंट लैंडिंग सिस्टम) और आईएफआर (इंस्ट्रुमेंट फ्लाइट रूल) जैसे उपकरण नहीं है। नेविगेशन और लैंडिंग के लिए डीवीओआर यानी डोप्लर वेरी हाई फ्रिक्वेंसी ओम्नी रेंज और एचपीडीएमई यानी हाई पॉवर डिस्टेंस मेजरिंग इंस्ट्रूमेंट की जरूरत है। जिसके लिए केन्द्र सरकार ने पहले ही 53 करोड़ रूपए स्वीकृत की है। बिलासा एयरपोर्ट का 3 सी से 4 सी कैटेगरी के तहत उन्नयन किया जाना है। उम्मीद है नए साल में यहां नाइट लैंडिंग की सुविधा मिलेंगी। अभी यहां दिल्ली और प्रयागराज के लिए एक-एक फ्लाइट है। नई सुविधाओं के बाद फ्लाइट की संख्या बढ़ेगी।

**नई सुविधाओं के बाद फ्लाइट की संख्या बढ़ेगी**




## बस स्टैंड-कोतवाली में मल्टीलेवल पार्किंग

■ शहर में बढ़ते ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या को दूर करने के लिए कलेक्टोरेट में एक मल्टलेवल पार्किंग बनाया गया है। इसके साथ ही सिटी कोतवाली और बस स्टैंड में भी दो और पार्किंग का काम तेजी से जारी है। जून 2024 तक इसके पूरा होने की उम्मीद है। शहर के अति व्यस्त क्षेत्र सिटी कोतवाली परिसर में स्मार्ट सिटी द्वारा मल्टीलेवल पार्किंग के साथ पुलिसकर्मियों के लिए फ्लैट बनाए जाएंगे। कर्मशियल काम्प्लेक्स के साथ स्मार्ट थाना भी बनेगा। इसके लिए कोतवाली परिसर में 3 एकड़ जमीन आरक्षित की गई है। स्मार्ट सिटी के मुताबिक साढ़े तीन एकड़ के प्रोजेक्ट में कोतवाली थाना परिसर में तीन मंजिला मल्टीलेवल कार पार्किंग बनाई जाएगी। प्रोजेक्ट पर 20 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसमें बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर, प्रथम तल, द्वितीय तल और छत तैयार किया जाएगा।

**जून 2024 तक इसके पूरा होने की उम्मीद**



## आईटीएमएस योजना, घर पहुंचेगा चालान

■ इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के तहत 473 जगहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इससे शहर में कैमरे से ट्रैफिक कंट्रोल करने की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए नेटवर्किंग का काम पूरा हो गया है। डिजिटल सेवा से जोड़ने के लिए 20 जगहों पर शहरवासियों को फ्री वाई-फाई की सुविधा मिलेगी। 147 करोड़ रुपए की लागत की इस योजना का कमांड एंड कंट्रोल सेंटर तारबाहर थाना परिसर में बनाया गया है जिसका उद्घाटन हो चुका है। आईटीएमएस के शुरू होने के बाद यातायात समस्या से मुक्ति मिलने का दावा किया जा रहा है। सिस्टम शुरू होने के बाद यदि कोई ट्रैफिक रूल तोड़ेगा तो चालान संबंधित के पते पर पहुंच जाएगा। चौराहों पर लगे कैमरे के जरिए कंट्रोल रूम से पूरे शहर की निगरानी की जा सकेगी। आपदा और दुर्घटना होने पर तत्काल मदद मिलेगी।

**यातायात की समस्या से मिलेगी मुक्ति**



## 100 करोड़ में दो बैराज बनकर होंगे तैयार

■ अरपा नदी में 100 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन शिव घाट और पचरी घाट बैराज का निर्माण भी लगभग 70 प्रतिशत पूरा हो चुका है। जून 2024 तक इसके पूरा होने की बात कही जा रही है। इनके बनने के बाद बिलासपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में जलसंकट खत्म होने का दावा किया जा रहा है। अरपा नदी 12 महीने पानी से भरी रहेगी और बिलासपुर का जल स्तर भी अच्छा बना रहेगा। ध्यान रहे कि शिव घाट बैराज में 24 गेट बनाए जा रहे हैं। इस बैराज की लंबाई 334 मीटर, ऊंचाई 3.5 मीटर एवं चौड़ाई 7.5 मीटर है। दूसरी ओर पचरीघाट में 20 गेट निर्माणाधीन है। लंबाई 278 मीटर, चौड़ाई 7.5 मीटर है। बैराज के पूरा होने पर शहर का जलस्तर बढ़ेगा और आसपास के क्षेत्र में पानी की समस्या से लोगों को मुक्ति मिलेगी।

**दोनों बैराज का काम 75 प्रतिशत पूरा**



## मंगला-कोनी में 70 करोड़ के दो एसटीपी

■ बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा अरपा नदी में पंहुचने वाले गंदे पानी को रोकने के लिए 69 करोड़ 46 लाख रुपए की लागत से तीन एसटीपी समेत नाला और रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें मंगला में दो और कोनी में एक एसटीपी शामिल है। योजना के मुताबिक मंगला में 6 एमएलडी और 10 एमएलडी क्षमता के दो एसटीपी बनाए जा रहे है। इसके अलावा मंगला एसटीपी से निर्माणाधीन अरपा बैराज तक रोड और नाला बनाया जाएगा। इसी तरह कोनी में 6 एमएलडी क्षमता के एक एसटीपी का निर्माण शुरू हो चुका है। इसके अलावा अरपा नदी के किनारे कोनी से दुग्ध संयंत्र तक नाला और रोड बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट से कोनी और मंगला क्षेत्र से निकलने वाले गंदे पानी को अरपा नदी में जाने से रोका जाएगा । गंदे पानी को एसटीपी से ट्रीटमेंट कर साफ किया जाएगा जिसे नदी में छोड़ने समेत अन्य उपयोग किया जाएगा।

**अरपा नदी में गंदा पानी रोकने की योजना**



## नए साल में शहर के विकास और उन्नति पर जिम्मेदारों की राय

### इच्छाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप काम करेगी सरकार: अरुण



उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि नई सरकार से छग के साथ ही बिलासपुरवासियों को बहुत उम्मीदें हैं। उनकी इच्छाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप सरकार काम करेगी। हमने जनता से जो वादा किया है, वो मोदी की गारंटी है, उसे हर हाल में पूरा करेंगे। हम सब मिलकर छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का काम करेंगे। बिलासपुर में सबसे बड़ा काम कानून व्यवस्था को ठीक करना है। पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी शहरवासियों को महसूस हो ऐसी व्यवस्था बनाई जाएगी। मूलभूत आवश्यकताओं से कोई भी वंचित ना हो ऐसी कोशिश होगी। स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट को गुणवत्ता के साथ सही समय पर पूरा करने पर जोर रहेगा। ट्रैफिक व्यवस्था पर खास ध्यान रहेगा। स्वास्थ्य सुविधाओं पर फोकस करते हुए कोनी में बन रहे मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल को जल्द शुरू कराने की कोशिश होगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, विश्वकर्मा योजना, किसान सम्मान निधि योजना समेत कई योजनाएं जो केंद्र से चल रही है उसके माध्यम से लोगों को सुविधाएं दी जाएंगी।

### अपराध मुक्त होगा शहर, सभी अधूरे विकास कार्य होंगे पूरे: अमर



नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि शहर के विकास के लिए सबसे पहले अधूरे विकास कामों को पूरा किया जाना जरूरी है। कोनी मार्ग में 400 बिस्तरों के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का कार्य शीघ्रता से होगा। सिम्स और जिला अस्पताल में बढ़ते मरीजों की संख्या को अनुसार सुविधाओं और सेवाओं का विस्तार किया जाएगा। बिलासपुर में केंद्र सरकार की सबसे बड़ी 200 करोड़ की सूक्ष्म और लघु उद्योगों से संबंधित स्किल डेवलपमेंट ट्रेंनिंग सेंटर को शुरू किया जाना है। भुवनेश्वर के बाद बिलासपुर में देश का दूसरा बड़ा एमएसएमई ट्रेंनिंग सेंटर होगा, जहा युवाओ और बेरोजगारों को स्किल्स डेवलपमेंट ट्रेनिंग मिलेगी। केंद्र सरकार ने इस हेतु 200 करोड़ तीन साल पहले ही दिए हैं। बीसीसीआई की मंशा के अनुरूप क्रिकेट के दूसरे स्टेडियम सौगात बिलासपुर में मिल सके इसलिए हर संभव मदद की जाएगी। बिलासपुर में अरपा बैराज का काम, अमृत मिशन का काम तथा अरपा के दोनों जारी निर्माण काम,अरपा प्राधिकरण के माध्यम से अरपा का विकास कार्य को रिव्यू करते हुए प्रासंगिक बनाया जाएगा।

### सदरबाजार- गोलबाजार सड़क को माल रोड घोषित करें: अटल



कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि विकास के पथ पर बिलासपुर तेजी से आगे बढ़ रहा है। नए प्रोजेक्ट के साथ ही सुविधाओं की बढ़ोत्तरी हो रही है। अरपा नदीं पर बन रहे दोनों बैराज जल्द पूरे होंगे। इससे अरपा का सौंदर्य बढ़ेगा और पानी का स्तर भी बढ़ेगा। अरपा नदी पर बन रहे दोनों तरफ की स्मार्ट सड़क बनने से ट्रैफिक की समस्या से काफी पद तक राहत मिलेगी। इसका विस्तार भी कोनी और दयालबंद से आगे करना चाहिए। कोनी में मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल बन जाने से स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि होगी। यहां राज्य कैंसर यूनिट, ट्रामा यूनिट, बर्न सेंटर, कार्डियोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, नवीन सिम्स छात्रावास, डॉक्टरों और स्टाफ के लिए आवास सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी। नार्मल स्कूल में आत्मानंद अंग्रेजी कालेज को जल्द शुरू किया जाना चाहिए। रिंग रोड 2 का निर्माण होना चाहिए तो तुर्काडीह बाइपास जल्द पूरा होना चाहिए और इसे सेंदरी से आगे तक बढ़ाना चाहिए। सबसे बड़ी बात कि राघवेन्द्र राव सभा भवन से लेकर सिटी कोतवाली तक की सड़क को माल रोड घोषित कर देना चाहिए।

### 2024 में मिलेंगी स्मार्ट सिटी के तहत कई सौगातें : दुदावत



नगर निगम कमिश्नर व स्मार्ट सिटी के एमडी कुणाल दुदावत ने कहा कि 2024 और भी खास और महत्वपूर्ण होने वाला है ,क्योंकि इस साल शहर को कई बड़े प्रोजेक्ट की सौगात मिलेगी। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत विभिन्न प्रोजेक्ट जिसमें अरपा प्रोजेक्ट के तौर पर शहर को खूबसूरत रिवर फ्रंट और टूरिस्ट प्लेस मिलने जा रहा है। स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी मजबूती मिलेगी जिसमें संजय तरण पुष्कर में स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, मल्टीपरपज स्कूल मैदान मिनी स्टेडियम और स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की सौगात और महिलाओं को समर्पित बिलासा गर्ल्स कालेज परिसर में पिंक स्टेडियम के रूप में सर्वसुविधायुक्त खेल और प्रशिक्षण के लिए स्थान मिलेगा। कोनी में सर्वसुविधायुक्त कन्वेंशन सेंटर की सौगात मिलने जा रही है जहां सभा,संगोष्ठी, प्रदर्शनी,कला एवं साहित्य से जुड़ी हुई गीत-संगीत एवं नाटकों का मंचन किया जा सकेगा इसके अलावा कन्वेंशन सेंटर में 1000 सीट की एक और लाइब्रेरी से युवा और छात्रों को काफी लाभ मिलेगा। अरपा नदी में पंहुचने वाले गंदे पानी को रोकने के लिए तीन एसटीपी समेत नाला और रोड का निर्माण किया जा रहा है।

### उद्योग और औद्योगीकरण को गति देने की जरूरत: केडिया



छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया ने कहा कि बिलासपुर के उद्योग जगत को नई सरकार से बहुत उम्मीदें हैं। बिलासपुर का विकास एवं औद्योगिकीकरण को गति दिए जाने की आवश्यकता है। जिले और आसपास के बड़ी संख्या में नए लोग उद्योग और व्यवसाय से जुड़ना चाहते हैं। स्टार्ट अप भी प्रारंभ करना चाहते हैं। इन पर ध्यान देना होगा। इसके साथ ही स्मार्ट सिटी का काम भी नए साल में पूरा पूरा हो जाएगा। औद्योगिकीकरण के लिए जमीन का आबंटन भी नहीं होना बड़ी समस्या है। नई सरकार से इस दिशा में पहल की उम्मीद है। सीपत के पास सोलर ग्राम और तखतपुर- मुंगेली की तरफ व्यावसायिक काम्पेल्कस की स्थापना, तिफरा सेक्टर डी में उद्योगों को जमीन आबंटन की भी तत्काल जरूरत है। एमएसएमई टैक्नालाजी सेंटर के लिए 200 करोड़ रुपया भारत सरकार से स्वीकृत कर दिया गया है। कोनी में आईटीआई के पास जमीन भी स्वीकृत हो गया है। नए साल में इस टैक्नालाजी सेंटर की स्थापना से शिक्षित बेरोजगारों को उच्चश्रेणी का प्रशिक्षण मिलेगा। उद्योंगों को भी टूल्स आदि की जरूरत पूरी होगी।

### शहर को स्वच्छ-सुंदर रखना हम सबकी जिम्मेदारी: शुक्ला



आर्किटेक्ट श्याम शुक्ला ने कहा कि नए साल का स्वागत हम यह नई सोच के साथ करें कि बिलासपुर शहर मेरा है और इसे स्वच्छ व सुंदर बनाए रखना मेरी जिम्मेदारी है। सभी शिक्षण संस्थाओं में पूरे जनवरी महीने स्वच्छ बिलासपुर स्वस्थ बिलासपुर अभियान चलाया जाए। सभी जनप्रतिनिधि को अपनी जिम्मेदारी का अहसास हो और बिलासपुर के विकास में उनकी भूमिका होनी चाहिए। यह भी सोचना होगा कि जब प्राइवेट संस्थाओं के विकास के कार्य समय सीमा में हो सकते हैं तो हमारे शासकीय कार्यालयों में क्यों नहीं। इसलिए आने वाले साल 2024 के लिए सभी संबंधित विभाग 12 महीने का अपना रोड मैप (ब्लूप्रिंट) बनाए और उसकी समय सीमा तय की जाए। बिलासपुर एयरपोर्ट, अरपा विकास, अंडर ब्रिज, मुख्य सड़कें, मल्टीस्पेशलिटि हास्पिटल आदि पर खास ध्यान देना होगा। 2024 में हम सभी शहरवासी तय करें की कम से कम 5 लाख पेड़-पौधे लगाएं। शहर के सभी गार्डन और पेड़ पौधों को शहर के प्रमुख प्राइवेट एवं शासकीय संस्थाओं को मेंटेन करने की जिम्मेदारी सौंपी जाए। बेहतर काम करने वालों को उन्हें साल के अंत में पुरस्कृत भी किया जाए।

# वैज्ञानिकों ने बनाई गेहूं की खास किस्म, पांच राज्यों में बनेगी इसकी चपाती

कोमल सिंह ⏭ बिलासपुर

कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों ने छत्तीसगढ़ में गेंहू की नई किस्म सीजी 1040 विकसित की है, जिसका नाम मावंती रखा गया है। केन्द्र सरकार द्वारा आयोजित फसल विज्ञान समिति में इस किस्म को मंजूरी मिल चुकी है, अब इसका व्यावसायिक उत्पादन भी शुरू हो सकेगा। खास बात यह है कि देश के पांच राज्यों में किए गए परीक्षण में इस गेंहू से बनी चपाती के वर्तमान में मौजूद अन्य गेंहू की चपाती से बेहतर परिणाम मिले हैं।

■ बाजार में प्रचलित अन्य किस्म से सर्वाधिक बेहतर साबित हुई नई किस्म

ठा. छेदीलाल बैरिस्टर कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों की मेहनत रंग लाने वाली है। अब तक बाजार में उपलब्ध सभी गेंहू की किस्म से बेहतर गेंहू की किस्म की पहचान कर उसे राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति दिलाई है। इस गेहूं की किस्म का बम्पर उत्पादन छत्तीसगढ़ के साथ ही देश के अन्य प्रदेश जैसे मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान और यूपी में किया जा सकेगा। वैज्ञानिकों की जांच में यह बात सामने आई है कि इस गेंहूं की चपाती अन्य गेंहू की चपाती से बेहतर है और इसके उत्पादन में किसानों को श्रम और पूंजी दोनों की कम लगने वाली है। महाविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ अजय प्रकाश अग्रवाल और डॉ दिनेश पांडेय ने बताया कि



### तीन राज्यों में 36 शहरों में किया गया टेस्ट

डॉ पांडेय ने बताया कि कम पानी में फसल की गुणवत्ता परखने के लिए 36 महीनों तक तीन राज्य के 36 शहरों में फसल पर टेस्ट किया गया है। गुजरात में उत्पादन 39.5, मध्यप्रदेश में 44.0 और छत्तीसगढ़ में 42 क्विंटल प्रति हेक्टेयर रहा है। तीनों राज्यों को मिलाकर इस किस्म का औसत उत्पादन 42 क्विंटल साबित हो चुका है, जो बाजार में उपलब्ध किस्म से अधिक है। मध्य भारत के छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व गुजरात, राजस्थान, यूपी के लिए फायदेमंद है।

लैब में जांच के बाद गेंहू की नई किस्म सीजी 1040 की चपाती सूचकांक 10 में से 8.05 पाई गई है। इसके साथ ही सूखा सहनशीलता0.87 और ताप सहनशीलता सूचकांक 0.89 पाई गई है, जिससे यह राजस्थान और गुजरात में कई जिलों में उत्पादित हो सकेगी।

### गजट में होगा शामिल

डॉ अजय प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि कृषि फसलों के मानक के लिए केन्द्रीय उप समिति की बैठक पिछले माह कराई गई थी। जिसमें फसल विज्ञान के उपमहानिर्देश की अध्यक्षता में कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि अगले दो माह के भीतर कृषि महाविद्यालय द्वारा उत्पादित खास किस्म के गेंहू सीजी 1040 मावंती को मंजूरी मिल सकेगी, गजट में प्रकाशन के साथ ही इसकी व्यवासयिक खेती भी संभव हो सकेगी।

### बीमारियों की संभावना कम

अब तक गेंहू की शरबती किस्म को ही रोटी के लिए बेहतर माना जाता है। गेंहू में संभावित रोगों में बीज के काले और भूरे रतुवा और प्रतिरोधक करनाल बंट की आशंका बनी रहती है, लेकिन इस किस्म में इसकी संभावना बेहद कम है। वहीं रोटी बनाते समय गूंथे आटे में कालापन भी नहीं आ रहा है। वैज्ञानिकों का दावा है कि फसल 69 दिनों में पुष्पन अवधि में पहुंच जाती है और 118 दिनों में परिपक्वता आती है।

# मंगला, मोपका बेलगहना में खुलेंगे तीन नए थाने

**बिलासपुर।** शहर में बढ़ती आबादी और बढ़ते अपराध को देखकर शासन ने बिलासपुर जिले में तीन नए थाने बनाने की घोषणा की है। मंगला, मोपका और बेलगहना नए थाने बनाए जाएंगे, जिनकी सरहदें तय कर दी गई हैं। एसपी संतोष सिंह ने नए थानों की सीमाओं का प्रस्ताव भेज दिया है।

### ये कॉलोनियां शामिल होंगी मंगला थाने में

मंगला थाना के बनने बनने से सिविल लाइन की 17 कॉलोनियां मंगला थाना के अधीन हो जाएंगी। इनमें कई पॉश कॉलोनियां शामिल हैं। जिन इलाकों को मंगला थाना में शामिल किया जा रहा है उनमें मंगला, धुरीपारा, उसलापुर, 27 खोली, नेहरू नगर, शांति नगर, मिनोचा कॉलोनी, ठेठाडबरी, जरहाभाठा, ओमनगर मिनी बस्ती, मझवापारा कस्तूरबा नगर शामिल हैं।

### लगरा से उरतुम, चिल्हाटी, गतौरा मोपका थाने में

मोपका थाना के बनने से सरकंडा थाना के अलावा सीपत और मस्तूरी थाने के कुछ गांव इनमें शामिल होने वाले हैं। नए क्षेत्रों में मोपका का आवासपारा, कुटीपारा, गुलाब नगर, सिटी पार्क, क्रिस्टल विला, चिल्हाटी, एलआईसी कॉलोनी, लगरा, उरतपुर, परसाही, हरदीडीह, बैमा, नगोई मोहरा, मोहरा, पंधी, देवरी और गतौरा मोपका थाना क्षेत्र में शामिल हो जाएंगे। इनमें सीपत थाना के छह गांव और मस्तूरी थाने का एक गांव शामिल हो रहा है।

### कोटा से अलग होकर 34 गांव बेलगहना थाने में

बेलगहना थाना बनने के बाद इसके दायरे में बेलगहना, खोंगसरा, कोंचरा, केकराडीह, लूफा, करवा, टेंगनामाड़ा, तुलूप, पंडरापथरा, मंझवानी, मिट्ठूनवागांव समेत कई गांव आ जाएंगे।

# रघुनंदन के लिए दीया व कलश बनाना कुम्हारों के लिए नव वर्ष की सौगात

तारिणी शुक्ला ⏭ बिलासपुर

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के चलते देश के हर नागरिक के लिए 22 जनवरी खास रहने वाला है। वहीं इस आयोजन के लिए शहर में बांटे जा रहे अक्षत कलश एक नई किरण के साथ कुम्हारों के जीवन में आने वाला है। शहर के कुम्हारों को कलश व दीया बनाने काफी ऑर्डर मिले हैं। इसे कुम्हार नववर्ष को अपने लिए एक शुभ संकेत के रूप में मान रहे हैं। नई उम्मीदों के साथ ऑर्डर के कलश व दीये बनाने में व्यस्त हैं। यह पहला अवसर जब नए साल में कुम्हारों के घर वृहद स्तर पर मिट्टी का कलश, दीया बन रहा है। उनकी चाक रफ्तार पकड़ चुकी है। इस तरह अयोध्या में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ कुम्हारों का परिवार भी उत्सव में झूमेगा।

### बना रहे साढ़े 5 हजार दीये

कुम्हार पारा के भानू प्रजापति ने बताया कि अयोध्या में राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा की खुशी प्रत्येक व्यक्ति के मन में है। यह खुशी हम कुम्हारों की खुशियों को और दुगुना कर दिया है। हमें खुशी इस बात की नहीं है कि हम ऑर्डर पर दीया बना रहे हैं बल्कि खुशी इस बात की है हम अयोध्या के राम मंदिर से जुड़े आयोजनों के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उसे साढ़े 5 हजार दीया बनाने का ऑर्डर मिला है।





इसे वे नए साल के लिए एक शुभ संकेत मान रहे हैं। रघुनाथ की कृपा से आने वाला साल उनके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। उन्होंने बताया कि ऑर्डर के सभी दीयों को 15 जनवरी तक देना है। इसे ध्यान में रखते हुए अब तक उनका तीन हजार दीया बन कर तैयार हो गया है। चॉक पर काम कर रहे दौलत प्रजापति ने कहा कि दीया व कलश बनाकर लग रहा है हमारा चॉक व छत्तीसगढ़ की मिट्टी धन्य हो गई।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह दिसम्बर 2023 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 15 दिन | 4.00 | 60.00 |
| 16 दिन | 5.00 | 80.00 |
| 31 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह दिसम्बर 2023 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 जनवरी 2024 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर






# सोच ने बदली किस्मत की लकीर, बुजुर्गों की कला को अपनाकर सुधारी जीवनशैली

पी भारती बेनेट ⏭ जरहागांव

## बरेला का युवक दूसरों के लिए बना प्रेरणा





अलग खबर

**जरहागांव।** बुजुर्गों की कला ने बरेला के एक परिवार को केवल जीवन जीने की राह दिखाई है, बल्कि उस कला से यह परिवार आज पालन पोषण भी कर रहा है। परिवार का एक युवक इस कला को आगे बढ़ाते हुए दूसरे लोगों को भी प्रशिक्षित कर रहा है।

मुंगेली जिले के बरेला के साधारण परिवार में जन्मे नरेश प्रजापति जिन्होंने कक्षा आठवीं तक की पढ़ाई की है। उनका परिवार मिट्टी के घड़े बनाने का काम करता था। जिसमें उन्होंने हाथ बंटाना शुरू किया। धीरे धीरे मिट्टी से बने बर्तन का चलन कम होने लगा और काम बंद होने के कगार पर आ गया। कुछ दिनों तक बाहर वह जाकर काम करने लगा। रोजी मजदूरी करते हर वक्त कुछ नए कर दिखाने के सोच रखे अपने पुरखों के अनुभव को संजोये नरेश प्रजापति ने नई सोच के साथ आधुनिक डिजाइनों वाली वस्तुओं का निर्माण प्रारम्भ कर दिया। धीरे धीरे आसपास के क्षेत्रों में समान की तारीफ व बिक्री होने लगी।

तब उनके जीवन में एक बदलाव की किरण दिखाई दी उसके बाद नरेश प्रजापति ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 2007 से उन्होंने ठाना कि अब इस कला को लोगों के बीच जाकर खास कर महिलाओं को सशक्त बनाने के कार्य किया। उन्होंने लघु उद्योग से रजिस्ट्रेशन करवाकर प्रशिक्षण देना प्रारम्भ कर दिया। नरेश प्रजापति ने बताया कि उन्होंने अपनी रोजी रोटी चलाने के साथ ही कई जगहों पर लगभग 300 महिलाओं को प्रशिक्षण दे चुके हैं। प्रशिक्षण पाकर आज अनेक लोग मिट्टी से विभिन्न डिजाइनिंग पॉट बनाकर अपने स्वयं के रोजगार कर रहे हैं।

### मिट्टी से बनने वाली सामग्रियां

मिट्टी से बनने वाली सामग्री में दिया, हुमदानी मटका ,डिजाइन दिये मूर्तियां बनाना, पेन स्टैंड, नाइट लैंप, घंटी हाथी कप प्लेट ,गिलास आदिवासी घर गमला, मिट्टी का झूमर, कछुआ बदक अन्य प्रकार की डिजाइन गमले फ्लावर पॉट फाउंटेन अन्य प्रकार के फैंसी व डिजाइन सामान बनाए जाते हैं मिट्टी से दिए हुमदानी मटका भी बनाते हैं।

### यह मिला सम्मान

नरेश प्रजापति को टेराकोटा के प्रशिक्षक के रूप में माटी कला बोर्ड, माटी कामहक, ग्रामोद्योग विभाग, माटी शिल्प, रामन लोक कला, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, ग्रामीण उत्थान, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास, खादी ग्राम उद्योग विभाग, युवा ग्राम विकास द्वारा प्रमाण पत्रक से सम्मान किया गया।

### जीवन में बदलाव की किरण

नरेश प्रजापति के माता पिता दुःखी राम प्रजापति, दुलारी बाई बरेला के टूटे फूटे मकान में मिट्टी के पॉट बनाने का कार्य कर जीवन यापन कर रहे हैं। उनके द्वारा आसपास की महिलाओं को मिट्टी से अनेक प्रकार के पॉट बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दुःखी राम ने बताया कि वे 40 वर्षो से मिट्टी के बर्तन बनाने का कार्य कर रहे हैं। इसी से जीवन यापन होता है। वर्तमान में चम्पा प्रजापति, सन्तोषी बाई, रेवती, नूतन, रीना प्रजापति घर आकर काम सीख रही हैं। प्रशिक्षण ले रही महिलाओं ने बताया कि पहले रोजी मजदूरी के लिए बाहर जाना पड़ता था। घर चलाने में काफी परेशानी होती थी। जब से मिट्टी से पॉट बनाने का कार्य सीख रहे हैं जीवन में बदलाव की किरण जागी है। अब इस कार्य को महिला समूह में सिखाया जा रहा है। मिट्टी से दिया बुगनी, हुमई, हांडी, तेलीया, कुलेरा, करसी आदि बनाकर बाजार में बेचा जाता है। इतना ही नहीं प्रदर्शनी में भी लगाते हैं जिनसे काफी मुनाफा भी मिलता है। मिट्टी के कार्य को स्वयं करने के साथ औरों को भी प्रेरित किया जा रहा है।

# साल के आखिरी दिन उद्यानों में लगी रही बच्चों की भीड़



**मुंगेली।** नए वर्ष का स्वागत जहां नगर में नवयुवकों के द्वारा जोश-खरोश के साथ मनाया जा रहा है। होटलों और पिकनिक स्पाटों पर अपने परिवार के साथ सैर-सपाटे में लगे हुए हैं। वहीं नगर के नवागढ़ रोड स्थित गार्डन में युवाओं एवं बच्चों की भीड़ नजर आई। नगर में नवयुवक गली-कूचों में डीजे लगाकर बाइक राइडिंग कर नये वर्ष मनाने में जुटे हुए है।

2023 की विदाई और 2024 के आगमन को लेकर युवाओं में भारी उत्साह नजर आ रहा है। जगह-जगह केक काटकर नये वर्ष के स्वागत में जुटे हुए है। पुलिस प्रशासन के द्वारा नये वर्ष को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। जिसके तहत मोटर सायकल में तीन सवारी और तेज रफ्तार सहित प्रेशर हॉर्न के खिलाफ विगत दो दिनों से कार्यवाही में जुटी हुई है। चुनाव के पश्चात थर्टीफस्ट से लेकर नए साल मनाने की तैयारी में युवा वर्ग जुटे हुए हैं। गांव में लोग डीजे की धुन पर थिरकते नजर आते हैं तो कुछ जगहों पर डांस प्रतियोगिता का आयोजन जन सहयोग से किया जाता हैं। जो लोग इन सब चीजों को नापसंद करते हैं वे अपने समूह में खाने का आयोजन करते हैं और लजीज व्यंजनों व पकवानों का स्वाद लेते हैं।

# नए साल का जश्न मनाने हजारों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचे अमरकंटक

**पेंड्रा।** मां नर्मदाजी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक में वर्ष 2023 की अंतिम बिदाई और वर्ष 2024 के आगमन के अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक पहुंच रहे हैं। स्कूलों की छुट्टियां, पर्व आदि कारणों से देश के अनेक प्रदेशों से तथा अमरकंटक के चारो दिशाओं के गांव, शहर से तीर्थ यात्री, पर्यटक, नर्मदा परिक्रमा वासी, चारो धाम यात्रा टूरिस्ट बसें इत्यादि भारी संख्या में अमरकंटक पहुंच रहे हैं।

■ मां नर्मदा मंदिर में श्रद्धालुओं की और सड़कों पर वाहनों की लग रही लंबी कतार



पिछले एक सप्ताह से बड़ी संख्या में लोग अमरकंटक पहुंच रहे हैं जो कि मां नर्मदा उद्गम स्थल, मंदिर और यहां के पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर आनंद उठा रहे हैं। खासकर नर्मदा मंदिर के बाद माई की बगिया, सोनमुड़ा, कपिलधारा, ज्वालेश्वर आदि स्थलों में भीड़ देखी जा सकती है। कुछ स्थलों पर भीड़ की वजह से वाहनों की आवाजाही में परेशानी व पार्किंग के लिए भी यात्रियों को भारी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। कुछ पर्यटक स्थलों पर प्रशासन की व्यवस्था ठीक नहीं होने के कारण भी बाहर से आए वाहनों तथा टूरिस्ट को कई बार पार्किंग स्थलों में तू तू - मैं मैं भी हो जा रही है। कई जगह होटल वाले रोड तक दुकान, कुर्सियां रख कब्जा किए हुए रखे रहते हैं, उस वजह से भी विवाद की स्थिति निर्मित हो जाया करता है।

अमरकंटक में सुबह धुंध होने के कारण लोग सूर्योदय समय का आनंद नहीं उठा सके जिससे लोगो में मायूसी भी दिखी। परिवार सहित अमरकंटक पहुंचे पर्यटकों ने चर्चा के दौरान बताया कि अमरकंटक एक धार्मिक नगरी है। निश्चित ही यहां लोगों का आना जाना बना रहता है। हम परिवार सहित यहां आए तो बहुत अच्छा लगा, बच्चे भी बहुत उत्साहित हैं। अमरकंटक में अनेक सुंदर जगह है जहां जाने पर मन रमणीय हो जाता है लोगो को भी आनंद आता है।

# आज हजारों की संख्या में मल्हार पहुंचेंगे लोग, लेंगे सैर का आनंद

**मल्हार।** नव वर्ष को मंगलमय बनाने एक जनवरी को हजारों की संख्या में लोग धर्मनगरी मल्हार पहुचेंगे। वे अपने परिवार की खुशहाली व साल 2024 उन्नति की कामना मां डिडनेश्वरी व भगवान पातालेश्वर से करेंगे। सोमवार को 10 हजार से ज्यादा लोगों के मल्हार पहुंचने की उम्मीद है।

छत्तीसगढ़ के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में ऐतिहासिक नगरी मल्हार की गिनती होती है। जहां प्रमुख देवी देवताओं के अलावा हजारों की संख्या में प्राचीन मूर्तियां स्थापित है जिसको लोग कौतूहल के साथ देखते है। यहां के प्राचीन गढ़ किले की प्राकृतिक सुंदरता लोगों को बरबस ही खींच लाती है। भारतीय पुरातत्व विभाग के अधीन इस संरक्षित स्थल में उत्खनन के दौरान राजमहल की निशानी मिली थी जिसको विभाग ने संरक्षित कर रखा है। नगर के मेला चौक स्थित पातालेश्वर मंदिर प्रांगण स्थित स्टोर रूम में पाषाणकालीन हरिहर विष्णु जी की अद्भुत प्रतिमा है। पुराविदों के अनुसार यह प्रतिमा भारत की पहली विष्णु जी की पाषाण प्रतिमा है जो यहां विराजमान है। इसी जगह भगवान विष्णु की शेषशैया वाली अत्यंत ही आकर्षक प्रतिमा है जो मल्हार के लिए आकर्षण का केंद्र है। पातालेश्वर मंदिर के अलावा देउर मंदिर प्रांगण भी आकर्षक है।



■ मां डिडनेश्वरी व भगवान पातालेश्वर का दर्शन कर लेंगे आशीर्वाद

आज तेरहवीं पर श्रद्धा सुमन अर्पित

आपकी प्यारी यादें अंकित हैं हमारे दिलों में, आपके कर्मो की खुशबू जिंदा है हमारी सांसों में,
अब आप नहीं ये सच्चाई है, लेकिन अस्तित्व में आप हैं और हमेशा रहेंगे, यही विश्वास हैं।



जन्म
12/07/1935

स्वर्गारोहण
20/12/2023

श्रीमती सरोजनी केशरवानी

प्रथम अध्यक्ष - केशरवानी वैश्य महिला सभा मुंगेली
धर्मपत्नी - स्व. श्री निरंजन प्रसाद केशरवानी
(भू.पू. विधायक एवं सांसद)
मुंगेली

शोकाकुल परिवार

श्रीमती उमा विनोद केशरवानी
श्रीमती अंजली - कैलाश केशरवानी
श्रीमती नलिनी - कमलेश्वर केशरवानी, पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत
श्रीमती कल्पना - अजय केशरवानी, एडव्होकेट
श्रीमती कविता - डॉ. शैलेन्द्र केशरवानी
श्रीमती श्रेया - निलेश केशरवानी
श्रीमती निकिता - विकास अग्रवाल
डॉ. अनुकृति केशरवानी, इंजी. अभिषेक केशरवानी, मास्टर श्रेय

शोकाकुल

डॉ. कर्नल पी.एल. केशरवानी, श्रीमती अनिता केशरवानी, श्रीमती ममता केशरवानी,
श्रीमती शुभलक्ष्मी - राजेश केशरवानी, श्रीमती स्नेहलता - डॉ. विजय,
श्रीमती डॉ. अंजली - डॉ. विनय, श्रीमती वीणा - विकास, श्रीमती सुनीता - अजय,
श्रीमती डॉ. सोनम - डॉ. आदित्य, श्रीमती अपर्णा - साकेत, इंजी. पलाश,
डॉ. मुस्कान, बेबी ईशानी, मास्टर शिवांश एवं समस्त भवानी साव गुप्ता परिवार मुंगेली